## ब्रीफ खबरें

### बहरागोड़ा गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के डोमजुडी पंचायत अंतर्गत गठनसाई के हरि मंडप के समीप मे लगी सोलर जलमीनार पिछले कई दिनों से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा हुआ है. जिसके कारण ग्रामीण तथा राहगीरों को इस भीषण गर्मी में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है. साथ ही इस कड़ी धूप में ग्रामीणों को दूसरे टोले मैं अवस्थित जलमीनार से अपना प्यास बुझाने पड़ रहा है. वहीं इस ओर किसी जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग की ओर से ध्यान नहीं देने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. इस मौके पर ग्रामीणों मृत्युंजय मन्ना,जमुना मन्ना, शकुंतला मन्ना, पदमा मन्ना, मानिक मंडल आदि उपस्थित थे.

### अनियंत्रित 407 वाहन ने ठेले वाले को मारी टक्कर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो स्थित जवाहर नगर रोड नंबर नौ के पास एक तेज रफ्तार 407 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ठेले से जा टकराया. इस घटना में नाश्ते का ठेला क्षतिग्रस्त हो गया. इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. भीड़ ने 407 वाहन के चालक हरजीत सिंह को पकड़ लिया. घटना में ठेला संचालक को 20 से 25 हजार का नुकसान हुआ. सूचना पाकर 407 वाहन के मालिक मौके पर पहुंचे और मुआवजे के तौर पर ठेला संचालक को 20 हजार रुपये दिए जिसके बाद मामला शांत हो गया.

### अवैध शराब के कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

**नोवामुंडी।** बड़ाजामदा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को बड़ाजामदा थाना प्रभारी विकास कुमार ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर चाईबासा जेल भेज दिया है. इस संबंध में थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि बड़ाजामदा क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा जोरों पर चल रही है. इसी गुप्त सूचना के आधार पर बड़ाजामदा क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया. इसके अंतर्गत बड़ाजामदा के तहत वीरेंद्र कुमार गुप्ता को विधिवत गिरफ्तार किया गया.

### जेएससीए स्कूल लीग अगले आदेश तक के लिए स्थगित

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाली जमशेदपुर स्कूल लीग को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है. उक्त फैसला शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लिया गया है. जेएससीए स्कूल लीग की शुरुआत 22 अप्रैल सोमवार से निर्मल महतो स्टेडियम में होना था. जेएससीए स्कूल लीग में कुल 25 स्कूल टीमें खेलती हैं. स्कूल लीग का आयोजन टी-20 फॉर्मेट में होना था. सभी टीमों को छह अलग-अलग ग्रुपों में विभाजीत किया गया है. वहीं, जेएससीए ए डिवीजन व बी डिवीजन लीग के मैचों के समय में बदलाव किया.

### सेक्रेड हार्ट की छात्राओं ने दलमा की सैर की

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया. इस दौरान स्कूल की 47 छात्राओं को दलमा वन्य अभयारण्य की सैर कराई गई. छात्राओं के साथ स्कूल के तीन शिक्षक भी मौजूद रहे. दलमा की सैर के दौरान छात्राओं को पेड़ लगाने के महत्व के बारे में भी बताया गया वहीं उन्हें ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित कराया गया. दलमा के पहाड़ों में पहुंचकर छात्राओं ने दलमा संग्रहालय और डियर पार्क देखा और कई सारी जानकारियां हासिल की.

---

किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह को सूचना मिली थी कि दो नाबालिग शादी करने जा रही है

# महिला समूह ने दो नाबालिग लड़कियों का विवाह होने से रोका

संवाददाता। किरीबुरु



**खास बातें**

- दोनों का सरकारी स्कूल में कराया जाएगा नामांकन
- दोनों बच्चियों की उम्र लगभग 12 वर्ष बतायी जा रही है

किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, सचिव प्रतिमा सिंह, पारा लीगल रीना दास आदि महिलाओं ने दो नाबालिग बच्चियों का बाल विवाह होने से रूकवा दिया. दोनों बच्ची सहेली हैं और अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही थी. दोनों बच्चियों की उम्र लगभग 12-12 वर्ष के करीब है. इस बाबत रीना दास ने बताया कि किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह को जानकारी मिली कि मेन मार्केट की दो नाबालिग लड़की बीते मंगला उषा पर्व के समय से अपने-अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही हैं. दोनों शादी करने वाली हैं. इसमें से एक लड़की के पिता की मौत हो चुकी है. उसकी मां दूसरी शादी कर अन्यत्र रहती है. यह लड़की अपनी गरीब व वृद्ध नानी घर रहती थी. यह पढ़ी-लिखी भी नहीं है. दूसरी लड़की के माता-पिता है एवं वह पांचवीं कक्षा तक पढ़ी है. वह इससे पहले भी कई बार घर से भाग चुकी है. इस कारण उसके माता-पिता भी परेशान रहते हैं. रीना दास ने बताया कि दोनों लड़की के प्रेमी के परिजन इन्हें स्वीकार कर अपने घर में रखे हुये थे. इसमें से दोनों लड़कियों को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है. लेकिन माता-पिता को डर है कि वे कहीं फिर न भाग जायें. दोनों लड़कियों के बाबत महिला समूहों ने परिवार के साथ मिलकर यह निर्णय लिया कि जो अशिक्षित लड़की है, उसका नामांकन नोवामुंडी स्थित कैम्प स्कूल में कराया जायेगा. इसके बाद कस्तूरबा विद्यालय में. दूसरी लड़की का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा. इसके अलावे डालसा से जरुरी कानूनी व अन्य मदद ली जायेगी. इस दौरान किरीबुरू क्लस्टर की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, सचिव प्रतिमा सिंह, पैरालीगल रीना दास, जेंडर सीआरपी हीरामणि बारला, अनिता पान, ग्रेस बोदरा, नीलिमा लागुरी, नमिता हेंब्रम, निशा सांडिल आदि अन्य महिलाएं शामिल थी.

---

श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा में 21 फीट की बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित है

# हनुमान जयंती पर निकलेगा विसर्जन जुलूस, तैयारी पूरी

संवाददाता। चांडिल



चांडिल कॉलेज रोड स्थित श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा में खेलाई चंडी की पूजा लगभग 85 वर्ष पहले से होता आ रहा है. श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के बजरंगबली मंदिर में 21 फीट की बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित है. यहां वर्ष 2005 में स्थानीय लोगों ने मिलकर यहां 51 फीट ऊंची मंदिर बनवाया है. कॉलेज रोड चांडिल से श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के नेतृत्व में झंडा विसर्जन जुलूस प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के दिन निकाला जाता है. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का यह सबसे अंतिम विसर्जन जुलूस रहता है. खेलाई चंडी अखाड़ा से वर्ष 2000 से रामनवमी का झंडा विसर्जन जुलूस हर्षोल्लास पूर्वक पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार निकाला जा रहा है. इसके पूर्व भी यहां से झंडा विसर्जन जुलूस निकाला जाता था, लेकिन उस समय श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा का गठन नहीं हुआ था.

**विसर्जन जुलूस के पूर्व होगा सम्मान समारोह :** इस वर्ष झंडा विसर्जन जुलूस मंगलवार 23 अप्रैल को निकाला जाएगा. यहां महावीर झंडा का विसर्जन जुलूस तामझाम के साथ निकालने की तैयारी पूरी कर ली गई है. सामाजिक सद्भाव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाली जाने वाली विसर्जन जुलूस में आकर्षक झांकी के साथ श्रद्धालुओं का हुजूम शामिल होता है. अखाड़ा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार विसर्जन जुलूस में चांडिल के खिलाड़ियों के साथ हजारीबाग और जमशेदपुर के, खिलाड़ी भी अपना करतब दिखाएंगे. प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के दिन निकलने वाले रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस में खिलाड़ी लाठी, तलवार समेत अन्य हैरतंगेज खेल का प्रदर्शन करते हैं और जुलूस के साथ चलते हैं. झंडा विसर्जन जुलूस के पूर्व अखाड़ा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. सम्मान समारोह में प्रतिवर्ष क्षेत्र के विशिष्ट लोगों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाता है.

### जगन्नाथ मंदिर का निर्माण मई के पहले सप्ताह से होगा

संवाददाता। आदित्यपुर



आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी स्थित शिव-राम मंदिर प्रांगण में प्रभु जगन्नाथ मंदिर का निर्माण मई के पहले सप्ताह से शुरू होगा. वहीं इस बार धूमधाम से प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी. ये दोनों निर्णय रथयात्रा कमेटी की बैठक में लिया गया है. रविवार की शाम मंदिर परिसर में हुई बैठक का मुख्य बिन्दु 2024 जगन्नाथ प्रभु का रथयात्रा और श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर के निर्माण का था. इसमें सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण कार्य मई के पहले सप्ताह से शुरू करने पर सहमति बनी है. इसमें कौन क्या मदद करेंगे और कौन क्या दान करेंगे यह भी तय हो गया है. बैठक में रथयात्रा समिति के जीके जेना, एके महाकुड़, आर शर्मा, कृष्णा प्रसाद, रोबिन तराई, चंदन शर्मा, ललन शुक्ला, मोहित कुमार, अभिलाष मिश्रा, राजू मुखी, संजीत महतो, चीनू पात्रो, राजा बाउरी, विवेक दुबे, सूरज कुमार, मिथुन चक्रवर्ती आदि शामिल थे.

### कोवाली में होटल संचालक गांजा के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा दांव स्थित एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे सुकू महाकुड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सुकू के पास से कुल 1.64 किलो गांजा बरामद किया है. सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोवाली थाना अंतर्गत बालीडीपा गांव के एक होटल में गांजा की खरीद-बिक्री हो रही है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और सुकू महाकुड़ को गिरफ्तार कर लिया. सुकू के पास से पुलिस ने 1.64 किलो गांजा बरामद किया जिसकी बाजार में कीमत 50 हजार रुपये है. ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ में गांजा के तस्कर के बारे में पता चला है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. उन्होंने बताया कि आचार संहिता को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है.

### मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़ा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास सोमवार शाम स्थानीय लोगों ने मोबाइल छीनकर भाग रहे एक युवक को पकड़ा. तलाशी के दौरान युवक के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए. स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति पैदल जा रहा था तभी रास्ते में एक युवक उसका मोबाइल छीनकर भागने लगा. हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया. पहले तो युवक की पिटाई की गई और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

---

# साकची में छिनतई गैंग ने लगातार दूसरे दिन भी युवती से छीना पर्स

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची में इन दिनों बाइक से छिनतई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों का आतंक है. यह गैंग पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है. रविवार को ही बाइक सवार दो बदमाशों ने साकची के रामलीला मैदान के पास एक युवती से पर्स की छिनतई की थी. इस बार फिर बाइक सवार दो युवकों ने साकची एएसजी हाई स्कूल के पास बारीडीह निवासी शिखा जयसवाल से पर्स की छिनतई की. बदमाशों ने पहले शिखा की स्कूटी में बाइक से धक्का मारकर पहले उसे सड़क पर गिरा दिया और फिर पर्स छीनकर फरार हो गए. इधर, घटना के बाद इसकी सूचना साकची पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी की जांच की और आरोपियों की पहचान की.

**एक ही गैंग दे रहा घटना को अंजाम**

इधर, सीसीटीवी फुटेज जांच में यह बात सामने आई है कि एक ही गैंग द्वारा छिनतई की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. सीसीटीवी में जो युवक दिखाई दे रहे है उन्हीं युवकों ने रविवार को भी साकची में महिला के साथ पर्स की छिनतई की थी. यह गैंग सिर्फ महिलाओं को निशाना बना रहा है.

**काम से जा रही थी शिखा**

शिखा ने बताया कि वह साकची के एक फाइनेनशियल कंपनी में काम करती है. वह अपने काम से जा रही थी. बाइक सवार दोनों युवक बंगाल कल्ब के पास से ही पीछा कर रहे थे. एएसजी आई हास्पिटल के पास दोनों ने बाइक से धक्का मारकर गिरा दिया और पर्स छीनकर फरार हो गए. पर्स में 2500 नकद और दो मोबाइल फोन थे.

---

तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

# अफीम तस्करी के तीन दोषियों को कोर्ट ने 10-10 वर्ष की सजा सुनायी

संवाददाता। किरीबुरु



कोर्ट ने अफीम तस्करी करने के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है. इनपर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. तीनों दोषियों के नाम पांडा बोदरा, एसी बिरसा और सुबोध प्रजापति हैं. इनपर कराईकेला थाना कांड संख्या - 17/2022 तीन सितंबर को धारा - 18 (बी)/25 एनडीपीएस एक्ट लगाया गया था. इनके खिलाफ अफीम रखने और वैध कागजात के बिना परिवहन करने का मामला दर्ज किया गया था.

टेबो थाना अन्तर्गत चिंगिदा गांव में 3 सितम्बर 2022 को दोपहर करीब 12 बजे एरिया डोमिनेशन करते हुए लौटने के क्रम में नवादा बस्ती की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक आ रहे थे. संदेह होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा युवक को रोक कर तलाशी ली गई तो झोला से 2 किलो अफीम बरामद हुआ. युवक ने अपना नाम पाण्डा बोदरा बताया. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा उक्त तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया. इसके आधार पर उक्त काण्ड का विचारण के क्रम में न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चाईबासा के न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट में 10-10 साल की कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. जुर्माना नहीं भरने पर दो-दो साल की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है.


---

## न्यूज अपडेट

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**चक्रधरपुर।** कुपोषण रोकथाम को लेकर चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण में चक्रधरपुर प्रखंड के चार कलस्टर चैनपुर, पदमपुर, केन्दो, हथिया पंचायत से संबंधित गांवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों सेविकाएं शामिल हुई. इस मौके पर एकजुट संस्था की जिला समन्वयक व उनके सहयोगियों ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को कुपोषण रोकथाम संबंधित कई जानकारियां दी.प्रशिक्षण के दौरान बच्चों का वजन मापने के तरीके, पोषण ट्रैकर एप्प का संचालन करने, एमसीपी कार्ड में बच्चों के उम्र के अनुसार वजन एवं लम्बाई, ऊंचाई के अनुसार चार्ट भरने, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, एमटीसी, टीएचआर संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई. इस दौरान सेविकाओं को बताया गया कि क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की पहचान कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराये.

### प्रशिक्षक घनश्याम दे रहे निःशुल्क योग शिक्षा



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर में योग प्रशिक्षक घनश्याम महतो प्रतिदिन लोगों को निःशुल्क योग प्रशिक्षण दे रहे हैं. वे लोगों को अपने शिविर में सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण देकर स्वस्थ्य समाज निर्माण के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है. उनका कहना है कि वर्तमान के रासायनिक खाद के कारण खाद्य पदार्थ में पौष्टिक तत्व काफी कम मात्रा में पाया जाता है. जिसके कारण लोग रोगग्रस्त हो रहें हैं. विभिन्न प्रकार की बीमारी तेजी से अपना पांव पसार रही है. समाज में शूगर की बीमारी तेजी से बढ़ी है. ऐसे में लोगों को जैविक खेती से उपजाए गए फसल का ही सेवन करना चाहिए और प्रतिदिन योग, आसन और प्राणायाम करना चाहिए.

### पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**चांडिल।** शिवानंद विद्यापीठ प्लस टू उच्च विद्यालय चेलियामा में पृथ्वी दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला व अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया. शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संतुलन, प्लास्टिक के दुष्परिणाम सहित विधिक सेवा कार्यो और अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जलाशयों को प्रदूषित होने से बचाने व प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण करने लिए प्रेरित किया.

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**आदित्यपुर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल आदित्यपुर में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया. इस मौके पर मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने सीड बॉल्स तैयार करने में भाग लिया. विद्यालय के माली फागो हांसदा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने बीजों को मिट्टी और खाद के मिश्रण में लपेटा और बीज के गोले को अंकुरित होने के लिए विद्यालय परिसर में रखा. इसके अलावा विद्यार्थियों ने स्कूल के ग्रीन जोन में कुछ पौधे लगाए और पौधों को पानी भी दिया. इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी खूब आनंद उठाया.

### गीता कोड़ा के नामांकन में आदित्यपुर से भाजपाई हुए शामिल



**आदित्यपुर।** भाजपा की सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन में सोमवार को ढोल-नगाड़ों के साथ एस टाइप दुर्गा पूजा मैदान से भारी संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी चाईबासा के लिए रवाना हुए. इसमें एनडीए घटक दल के नेता भी शामिल थे . पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह "बॉबी" के आवास के समक्ष रामगढ़ से आये कलाकारों ने घंटों ढोल -नगाड़े बजाकर रंग जमाया . इस बीच गीता कोड़ा व भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई. जुलूस में बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता भी शामिल थीं. इस मौके पर पूर्व पार्षद रंजन सिंह, बरजो राम हांसदा, रंजीत सांडिल्य , अमन कुमार, अशोक कुमार, शंकर दास, किशन प्रधान, कृष्ण मुरारी झा, रंजन दास, गुरजीत सिंह, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### लोकसभा चुनाव एवं समाज के उत्थान को लेकर की बैठक



**नोवामुंडी।** नोवामुंडी अनुसूचित जाति कल्याण संघ ने सोमवार को महूदी पंचायत के ग्राम तोड़ेतोपा में बैठक की. साथ ही साथ सदस्यता अभियान चलाया गया. बैठक में समाज सचिव नितेश करूवा ने गांव की समस्या सुनी और आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर सही प्रत्याशी जो हमें हमारे समाज की उन्नति एवं हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, हमारे लिए हर वक्त साथ खड़े हो ऐसे दूरदर्शी, शिक्षित समाजसेवी प्रत्याशी को वोट देने के लिए जागरूक किया गया .बैठक में विशेष अतिथि के रूप शामिल हुए समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सह रेलवे कर्मचारी श्याम लाल मुखी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक के माध्यम से लोगों को बहुत ही अच्छी जानकारी दी गई है.

### संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में 'वसुंधरा दिवस' का आयोजन



**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में सोमवार को वसुंधरा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर पंचम वर्ग के बच्चों ने पृथ्वी को बचाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत की. आज का सुविचार छात्र संचित एवं मोनिका चटर्जी ने भाषण के माध्यम से बच्चों को पृथ्वी बचाने का संदेश दिया. कक्षा चतुर्थ एवं पंचम के छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत गीत के माध्यम से सभी के बीच भविष्य में होने वाली समस्याओं जैसे- पानी बिजली, प्लास्टिक, ग्लोबल वार्मिंग आदि के बारे में अवगत कराया गया और साथ ही इससे बचने के कई सुझाव दिए गए.

### सेवानिवृत आचार्यो का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर स्थित प्रगति शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को विद्यालय के नींव काल से जुड़े आचार्य उदय कुमार और कृष्ण मुरारी का स्नेह मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष भोला कुमार मंडल, उपाध्यक्ष वी. जयशंकर, कोषाध्यक्ष गौतम भट्टाचार्य, प्रधानाचार्य अभिलाष गिरी एवं सेवानिवृत्त आचार्य उदय कुमार एवं कृष्ण मुरारी ने वंदना स्थल पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. जिसके बाद प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया एवं उनका सम्मान करवाया. दीदी जी के तरफ से भारती शर्मा दीदी और आचार्य के तरफ से अंजय मोदी ने सेवानिवृत्त आचार्यो के प्रति अपना ह्रदय उदगार व्यक्त किया.

---

अर्का जैन यूनिवर्सिटी | क्रिकेट के महाकुंभ जैन प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

# जमशेदपुर के 20 से अधिक स्कूल ले रहे हैं हिस्सा

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



**खास बातें**

- सभी मैच सुबह 6 से 11 बजे तक ही खेले जायेंगे
- लीग की शुरुआत ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई

अर्का जैन यूनिवर्सिटी की ओर से आईपीएल की तर्ज पर सोमवार को जैन प्रीमियर लीग की शुरुआत की गई . यह लीग 25 अप्रैल तक चलेगी. इस महाकुंभ का आयोजन जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज में किया गया है. इसमें जमशेदपुर के 20 से भी अधिक स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सुबह 6 से 11 बजे तक मैच खेले जायेंगे. इस लीग की शुरुआत ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रणजी प्लेयर सतीश कुमार सिंह, मौजूदा कोच ईरानी उपस्थित थे.

उन्होंने विभिन्न स्कूलों से आये छात्रों की हौसला आफजाई की. साथ ही भरोसा दिलाया की छात्रों को कभी भी ट्रेनिंग की आवश्यकता पड़ी तो उन्हें हरसंभव मदद करने को तैयार हैं. उन्होंने अर्का जैन यूनिवर्सिटी का शुक्रिया अदा किया. छात्रों को इतना बड़ा मंच प्रदान करने के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच सह हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ हसन इम्माम मल्लिक ने को-आपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह को बधाई दी. उन्होंने कॉलेज ग्राउंड छात्रों के लिए त्वरित मुहैया कराई, इससे छात्रों को मोटिवेशन मिलता है. साथ ही उन्होंने बताया इसी को-ऑपरेटिव ग्राउंड से खेल कर खिलाडी देश-विदेश में नाम रौशन कर रहे हैं.

उन्होंने भी छात्रों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. डॉ अमर सिंह भी गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने छात्रों और अर्का जैन यूनिवर्सिटी को इस इनिशिएटिव के लिए बहुत बधाई दी. उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे गर्मी का ख्याल रखते हुए गेम में बने रहेंगे. समय-समय पर पानी पीते व रेस्ट लेते रहें. कुलपति डॉ ईश्वरान अय्यर ने भी छात्रों को बधाई दी. इस स्पोर्ट्स लीग का संचालन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कौंसिल की ओर से किया गया. इसमें डॉ रूपा सरकार, विशाल, अमित की सराहनीय भूमिका रही.

---

# आठ कराटेकारों ने पदक पर जमाया कब्जा

संवाददाता। चाईबासा



स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में झारखंड स्टेट कैडेट, जूनियर एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप रांची के खेल गांव में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई. इस चैंपियनशिप में वेस्ट सिंहभूम चाईबासा की ओर से 8 चयनित कराटेकारों ने इस चैंपियनशिप में शामिल हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 पदकों पर कब्जा जमाया . जिसमें 3 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं दो कांस्य पदक शामिल है . इस चैंपियनशिप में जितने वाले गोल्ड मेडलिस्ट कराटे कारों को आठ मई से लेकर 12 मई तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा . स्टेट कराटे चैंपियनशिप के अवसर पर अध्यक्ष हंसी मानस सिंहा कार्यकारी सचिव सेंसाई एजाज असदक, सेंसाई शशि पांडे ,सेंसाई नरेंद्र सिंहा, सेंसाई रंजीत मेहता , सेंसाई पंकज कुमार सिंह, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव , सेंसाई दुर्गा प्रसाद, सेंसाई मदन एवं अन्य स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के ऑफिशियल भी उपस्थित थे. यह जानकारी स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ वेस्ट सिंहभूम के अध्यक्ष सेंसांई पंकज कुमार सिंह ने दी. चैंपियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले कराटे कारों का नाम इस प्रकार है. जूनियर बालिका काता वर्ग में सृष्टि पाट पिंगुवा ने स्वर्ण पदक एवं इसी वर्ग के कुमीते वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया. अंडर 21 बालिका कुमीते वर्ग में सरेशवी जारिका ने रजत पदक प्राप्त किया. अंडर 21 बालक -67 केजी कुमीते वर्ग में राजा घोष ने स्वर्ण पदक एवं सीनियर- 67 केजी पुरुष कुमीते वर्ग में राजा घोष ने रजत पदक प्राप्त किया. सीनियर- 45 केजी पुरुष वर्ग में ऋतिक देवगम ने कांस्य पदक प्राप्त किया. 45 केजी महिला वर्ग कुमीते में स्नेहा सलोमी बालमुचू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया.

